हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025


तापमान

अधिकतम 42.8 डिग्री
न्यूनतम 18.8 डिग्री


12 भारतीय संस्कृति में अटूट विश्वास रखता है भारतीय योग संस्थान





12 प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करें




## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

**पानीपत।** गांव अलुपुर के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार रिंकू की मौत हो गई। जबकि आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों जवाहर जिला सोनीपत के निवासी हैं और थाना मतलौडा पुलिस ने लहणा सिंह की शिकायत पर कार के अज्ञात चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद रिंकू का शव उसके परिजनों को सौंप दिया है।

### शिक्षामंत्री ने प्रतिद्वंद्वी रहे जैन को गले लगाया

**पानीपत।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनसुनवाई के दौरान राजनीति में अपने प्रतिद्वंद्वी रहे विजय जैन को गले लगाया और उनका व परिवार का हालचाल जाना। विजय जैन, जनता की समस्याओं के हल की मांग को लेकर ढांडा से मिलने आए थे। स्मरणीय है कि पानीपत ग्रामीण हलके से विधानसभा चुनावों में विजय जैन ने पहले बीजेपी और फिर कांग्रेस से टिकट मांगी थी। लेकिन दोनों ही पार्टियों से टिकट न मिलने के चलते निर्दलीय चुनाव लड़ा था और दूसरे नंबर पर रहे थे।

### बिजली निगम के केबिन से सामान चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के 132 केवी केबिन से लोहे के एंगल चोरी हो गए। एसडीओ देवेंद्र के अनुसार छह अप्रैल को जेई सुभाष और स्टाफ ने टावर नंबर दो की जांच के दौरान चोरी का पता लगाया। एसडीओ देवेंद्र की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी का केस दर्ज किया है।

### पाथरी माता मंदिर में आए श्रद्धालु की बाइक चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव पाथरी माता मंदिर में पूजन को आए श्रद्धालु अशोक कुमार की मोटर साइकिल अज्ञात लोगों न चोरी कर ली। अशोक ने बताया कि वह माताजी के दर्शन करने के बाद जब वापस आए तो उनकी मोटर साइकिल गायब थी। अशोक की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने अज्ञात पर वाहन चोरी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

### हत्या के केस में 31 साल से फरार आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** हत्या व लूट के आरोपी सुलेमान को गिरफ्तार कर लिया है, वह 31 साल से फरार था। नोडल अधिकारी डीएसपी राजबीर सिंह ने बताया कि आरोपी सुलेमान उर्फ मुस्तकिम मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने दो साथी आरोपी भूप सिंह व रणपाल निवासी गांव गगसीना जिला करनाल के साथ मिलकर अप्रैल 1994 में पानीपत के रामलाल चौक के नजदीक स्थित दुकान के बाहर भाटिया कॉलोनी निवासी वेद प्रकाश की गोली मारकर हत्या कर उसकी बाइक लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस ने भूप सिंह व रणपाल को गिरफ्तार कर लिया था।

### आयुक्त दहिया ने मंडियों में गेहूं खरीद प्रक्रिया का किया मुआयना

# खरीद के साथ मंडियों में समय पर गेहूं उठान के अधिकारियों को निर्देश

### किसानों-आढ़तियों व मजदूरों को मिले हर संभव सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- गेहूं की ढेरी पर जाकर मीटर से नमी को चेक किया

पशुपालन एवं डेयरी विभाग के आयुक्त विजय दहिया ने वीरवार को गेहूं खरीद प्रक्रिया के तहत अधिकारियों के साथ अंबाला शहर व अंबाला कैंट की अनाज मंडियों का मुआयना किया।

इसके बाद वे खरीद कार्य का जायजा लेने के लिए साहा अनाजमंडी भी पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त अजय सिंह तोमर, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार भी मौजूद रहे। दहिया ने सबसे पहले अंबाला शहर की अनाज मंडी में गेहूं की आवक की पूरी जानकारी ली। किसानों व आढ़तियों को मंडी में दी जा रही सुविधाओं की भी समीक्षा की। पेयजल व शौचालयों की व्यवस्था के साथ बिजली, अटल किसान मजदूर कैंटीन व बारदाने की भी पूरी जानकारी ली। उन्होंने गेहूं की ढेरी पर जाकर मीटर के माध्यम से गेहूं की नमी को भी चेक किया और कहा कि सभी मंडियों में गेहूं खरीद कार्य के साथ-साथ लिफ्टिंग का कार्य पहले दिन से ही सुचारू रूप से चलना चाहिए ताकि उठान के कार्य के तहत किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न आए। मंडी प्रधान के साथ-साथ आढ़तियों से भी गेहूं खरीद कार्य को लेकर बातचीत की।



अंबाला। मंडी में गेहूं खरीद कार्य का मुआयना करते आयुक्त एवं सचिव विजय दहिया।

#### समीक्षा बैठक ली

आयुक्त एवं सचिव विजय दहिया ने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में खरीद एजेंसियों व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए गेहूं व सरसों खरीद कार्य की समीक्षा की थी। इस सिलसिले में अधिकारियों को जरुरी निर्देश भी दिए थे। मौके पर एसडीएम विनेश कुमार, डीएफएससी अपार तिवारी, हैफेड से मैनेजर विजय ढिल्लों, डीएमईओ राजीव चौधरी, मार्केट कमेटी सचिव दलेल सिंह, नीरज भारद्वाज, कविता नरवाल, राइस मिल एसोसिएशन के प्रधान अजय गर्ग, छावनी मंडी एसोसिएशन के प्रधान अजय कुमार, साहा मंडी एसोसिएशन के प्रधान सुच्चा सिंह, व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शाहबाद में कोचिंग सेंटर पर फायरिंग, एक घायल



कुरुक्षेत्र। घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

- दो अज्ञात युवकों ने कोचिंग सेंटर पर करीब छह राउंड फायर किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहर के लाडवा रोड स्थित एक कोचिंग सेंटर पर दिनदहाड़े हुई फायरिंग से क्षेत्र में दहशत फैल गई। दो अज्ञात युवकों ने कोचिंग सेंटर पर करीब छह राउंड फायर किए, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल व्यक्ति की पहचान शाहाबाद निवासी भूषण सेठी के रूप में हुई है।

जानकारी अनुसार दो युवक बाइक पर सवार होकर सेंटर के बाहर पहुंचे और सेंट्रल बैंक की पहली मंजिल पर स्थित कोचिंग सेंटर में घुसते ही अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की आवाज सुनते ही सेंटर में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। घायल व्यक्ति भूषण सेठी अपनी बेटी भारती को खाना देने के लिए सेंटर आए थे। गोली उनकी पीठ में लगी और उन्हें तुरंत नागरिक अस्पताल ले जाया गया।

#### रिसेप्शन पर छोड़ा पत्र

फायरिंग के बाद आरोपी एक पत्र रिसेप्शन पर छोड़कर फरार हो गए, जिसमें लॉरेंस बिश्नोई, नोनी राणा, और काला राणा ग्रुप का नाम लिखा हुआ था। पुलिस को आशंका है कि यह हमला सिर्फ दहशत फैलाने के इरादे से किया गया था। पुलिस ने मौके पर सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिए हैं। फुटेज से यह भी सामने आया है कि दोनों युवक एक दिन पहले भी सेंटर में आए थे और कनाडा जाने से संबंधित जानकारी ली थी। गौरतलब है कि घटना के समय सेंटर में 10-11 स्टाफ सदस्य और लगभग 20 छात्र मौजूद थे। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और शहर में सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दिया गया है।

# ट्रेन के नीचे आने से किशोर की मौत, स्कूल आईडी से पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ट्रेन की चपेट में आने से 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले किशोर की मौत हो गई। किशोर के पास से मिले स्कूल के आईकार्ड से उसकी पहचान हो पाई। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है।

किशोर करनाल के आनंद नगर कॉलोनी का रहने वाला बताया जा रहा है। ट्रेन नंबर 19412 साबरमती एक्सप्रेस के चालक ने जीआरपी को बताया कि किशोर अचानक ट्रेन के आगे आ गया था। उसे न तो किसी ने धक्का दिया और न ही वो पहले रेलवे ट्रैक पर लेटा हुआ था।

### किसी युवक के साथ स्कूटी पर जाते देखा गया था

जीआरपी ने मामले में दूसरे पहलुओं पर भी जांच कर रही है।

किशोर करनाल के एक स्कूल में 11वीं का छात्र था। वो रोजाना की तरह पढ़ने के लिए घर से निकला। स्कूल से आने के बाद वो दोपहर 2.30 बजे ट्यूशन का बोलकर चला गया था लेकिन देर शाम तक जब वो वापिस नहीं आया तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने अपने स्तर पर पूछताछ की लेकिन जानकारी नहीं मिली। जीआरपी की तरफ से जब सूचना मृतक के पास मिले आईकार्ड के तहत स्कूल में दी गई तो परिजनों को हादसे की जानकारी मिली। इपरिजन अंबाला जीआरपी थाने में पहुंचे। जीआरपी थाने में मौजूद मृतक छात्र के परिजनों ने बताया कि उसे अंतिम बार एक्टिवा पर एक युवक के साथ देखा गया था जोकि घर की तरफ नहीं बल्कि दूसरे रास्ते की तरफ जा रहे थे।

उन्होंने यह भी शक जताया है कि उनके बेटे को कोई बहला-फुसलाकर मोहड़ी स्टेशन तक लाया है क्योंकि करनाल से मोहड़ी स्टेशन की दूरी लगभग 60 किमी है।

परिवार की ओर से अभी तक किसी तरह की शिकायत जीआरपी को नहीं दी गई है।

# हड़ताल पर बीज, कीटनाशक व खाद विक्रेता

- विक्रेताओं ने प्रदेश की सभी मंडियों में बनाए धरनास्थल
- सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट 2025 के विरोध में हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा में बीज, पेस्टीसाइड व खाद विक्रेता चार दिनों से हड़ताल पर हैं। सभी जिलों में दुकानें बंद का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। सरकार द्वारा लागू सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट 2025 के विरोध में यह हड़ताल जारी है। विरोध दर्ज करवाने के लिए प्रदेश की सभी मंडियों में विक्रेताओं ने अस्थाई धरना स्थल बना दिए हैं।

करनाल के सभी ब्लॉकों में भी विक्रेता मंडियों में धरना स्थलों पर इक्ट्ठा हुए और नारेबाजी की। ब्लॉक प्रधानों की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किए गए। जिला करनाल फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड एवं सीड ट्रेडर्ज एसोसिएशन के प्रधान रामकुमार गुप्ता ने कहा कि बीज में किसी प्रकार की कोई खामियां होती है, तो वह प्रोड्यूसर का काम होता है। डीलर सिर्फ किसान और प्रोड्यूसर के बीच की कड़ी होता है। अब अगर ऐसे में किसी भी प्रकार की खामियां पाई जाती है, तो डीलर को दंड भुगतना पड़ेगा। यह उचित नहीं है। प्रधान रामकुमार गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार के अनुसार अगर बेचे गए बीज की गुणवत्ता खराब पाई जाती है, तो विधेयक के तहत उत्पादक और विक्रेता दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में उत्पादक और विक्रेता दोनों को 3 महीने से 3 साल तक की जेल और 50 हजार से 5 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। इस संशोधन विधेयक में विक्रेता को भी उत्पादक के समान जिम्मेदार ठहराया गया है, जबकि विक्रेता का काम केवल बीज बेचना होता है।

#### बीज की गुणवत्ता की जिम्मेवारी उत्पादक पर

बीज की गुणवत्ता की जिम्मेवारी उत्पादक पर होती है। विक्रताओं का कहना है कि इस कानून के तहत उन्हें बेवजह परेशान किया जाएगा, जिसकी वजह से उनके व्यापार पर बुरा असर पड़ेगा। सभी विक्रेता एक्ट में किए गए बदलावों को वापस करवाने के बाद ही काम शुरू करेंगे। इस अवसर पर महासचिव गुरमेज सिंह, कोषाध्यक्ष बृजजलाल गर्ग, नीलोखेड़ी ब्लाक प्रधान देवेंद्र चौहान, घरौंडा प्रधान सुशील गर्ग, इंद्री प्रधान रमन कुमार, निसिंग प्रधान विनोद गोयल,आदि रहे।

# विदेश भेजने के नाम पर व्यक्ति से हड़पे छह लाख

- आरोपी मां-बेटे के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर गांव कैल निवासी नंदलाल से छह लाख रुपये हड़प लिए गए। नंदलाल अपने लड़के मिलन को रमोनिया भेजना चाहता था।

आरोप रतपुर कॉलोनी पिंजौर निवासी अमित व उसकी मां सुमन देवी पर लगा है। गांव कैल निवासी नंदलाल ने बताया कि उसका लड़का मिलन रोजगार के लिए रमोनिया जाना चाहता था। आरोपी अमित व उसकी मां सुमन ने बताया कि वह उसके लड़के को रमोनिया भेज देंगे। आरोपियों ने उससे छह लाख रुपये का खर्च बताया। उसने आरोपियों को अलग-अलग करके छह लाख रुपये व बेटे के दस्तावेज दे दिए। इस दौरान आरोपियों ने उसके लड़के को टिकट व वीजा दे दिया। जब उन्होंने जांच करवाई तो वीजा फर्जी मिला। उसने आरोपियों से बात की। मगर उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

### एक्टिवा सवार महिला से बाइक सवार पर्स छीनकर हुआ फरार

**अंबाला।** सैन्य क्षेत्र स्थित पटेल पार्क के पास बाइक सवार दो बदमाश बुधवार रात एक्टिवा सवार महिला से पर्स झपटकर भाग गए। झपटमारी के दौरान चलती एक्टिवा से गिरकर बोह निवासी 48 वर्षीय कविता गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हालांकि एक्टिवा चला रही बेटी प्रांजल ने झपटमारों का काफी दूर तक पीछा भी किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। राहगीरों की मदद से महिला को उपचार के लिए छावनी नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया।

# टीचर डायरी ऑनलाइन करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी किया गया है पत्र

शिक्षा निदेशालय ने एक पत्र जारी कर सभी शिक्षकों द्वारा अपनी अध्यापक डायरी प्रतिदिन एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन भरना जरूरी कर दिया है । इसका हरियाणा राजकीय अध्यापक संघ ने घोर विरोध किया है।

हरियाणा राजकीय अध्यापक संघ अंबाला के जिला प्रधान रमेश कुमार और जिला महासचिव पुष्पेंद्र धारीवाल ने कहा कि ये विभाग का मनमाना निर्णय है और ये निर्णय सभी अध्यापकों को मानसिक तनाव की और ले जाएगा।शिक्षा विभाग को अपनी नीतियों को सरलीकरण ढंग से लागू कारण चाहिए न कि इनको पेचीदा बनाना चाहिए।अध्यापकों को ज्यादा से ज्यादा समय पढ़ाई के लिए उपलब्ध करवाना चाहिए न कि ऐसी नीतियां होनी चाहिए कि अध्यापक सारा दिन ऑनलाइन कामों में उलझे रहे। ऐसा लगता है कि शिक्षा निदेशालय हर काम को केवल अपने स्तर पर ही मॉनिटर करना चाहता है जबकि हर स्कूल में प्रधानाचार्य, अध्यापकों के काम को मॉनिटर करने के लिए है। शिक्षा विभाग को इन सब भरोसा रखना चाहिए। संघ जल्द ही इन नीतियों के खिलाफ शिक्षामंत्री के समकक्ष अपना विरोध दर्ज करवाएगा।शिक्षा विभाग को स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं पूरी करने के लिए मॉनिटरिंग करनी चाहिए और इन बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।



रमेश कुमार व पुष्पेंद्र धारीवाल।

### मिड डे मील वर्कर्स का रोष प्रदर्शन 12 को

**कुरुक्षेत्र।** मिड डे मील वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर 12 अप्रैल को रोष प्रदर्शन करेंगी। वर्कर्स यूनियन कुरुक्षेत्र जिला सचिव अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के आवास पर 12 अप्रैल को प्रदर्शन किया जाएगा। इसी दिन पानीपत, सोनीपत व करनाल की मिड डे मील वर्कर्स शिक्षा मंत्री महीपाल के आवास पानीपत में प्रदर्शन कर मांग पत्र सौंपेंगी व अन्य जिले अपने अपने मंत्री/विधायक के आवास पर प्रदर्शन कर मांग पत्र देगे। मिड डे मील वर्कर्स लंबे समय से अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर आंदोलनरत हैं ।

### डीसी पार्थ गुप्ता ने कार्यक्रम की तैयारियों की दी जानकारी

# मोदी की रैली को लेकर प्रशासन के पुख्ता प्रबंध

- थर्मल पावर प्लांट की तीसरी यूनिट का शिलान्यास होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट यमुनानगर की तीसरी यूनिट का शिलान्यास 14 अप्रैल को गांव कैल में आयोजित रैली स्थल से करेंगे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने आयोजित प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 50 से 60 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। उनके बैठने, पेयजल, शौचालय और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम लगभग 170 एकड़ भूमि में आयोजित होगा, जिसमें 40 एकड़ में मुख्य पंडाल और 96 एकड़ में पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है। पार्किंग स्थल करनाल-सहारनपुर हाईवे पर, छछरौली रोड पर व छछरौली रोड के सामने बनाए गए हैं।



यमुनानगर। कैल गांव में रैली स्थल पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

#### स्वास्थ्य सेवाएं रहेंगी मुस्तैद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यक्रम स्थल पर 15 से ज्यादा मेडिकल प्वाइंट स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी। इसके अतिरिक्त, 25 एम्बुलेंस भी विभिन्न स्थलों पर तैनात रहेंगी।

#### किसानों को मुआवजा

डीसी ने बताया कि जिन किसानों की कृषि भूमि कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रयोग की जा रही है, उन्हें फसल का उचित मुआवजा शीघ्र दिया जाएगा।

इसके लिए लगभग 130 एकड़ भूमि के मुआवजे की मांग सरकार को भेज दी गई है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, करनाल के एडीसी यश जालुका, नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सृष्टि गुप्ता, एसडीएम जगाधरी सोनू राम, बिलासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, सीटीएम पीयूष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

#### कड़ी रहेगी सुरक्षा

डीसी ने बताया कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। विभिन्न जिलों से 10 एसपी, 29 डीएसपी, 75 इंस्पेक्टर सहित 3000 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। जिले में 22 नाके लगाए जाएंगे और ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए रूट डायवर्जन की व्यवस्था की है।

### एचडब्ल्यूसीटीसीसी की ब्रांच का हेड गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने ह्यूमन वेल्फेयर क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड द्वारा निवेशकों से निवेश करने पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर ठगी करने मामले में सोसायटी की पानीपत की सभी ब्रांच के हैड एवं मुख्य आरोपियों में एक बिजेंद्र निवासी गांव मछरौली जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है।

वहीं, थाना चांदनी बाग, थाना समालखा, थाना सनौली, थाना इसराना, थाना औद्योगिक सेक्टर 29, थाना सदर व थाना मतलौडा में दर्ज सोयाइटी के निदेशकों से लेकर एजेंट तक के खिलाफ धोखाधड़ी करने की आठ एफआईआर दर्ज है।

इस मामलों में अभी यह तीसरी गिरफ्तारी है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है, ताकि धोखाधडी के इन मामलों की आरोपी से पूरी जानकारी ली जा सके।

# क्लर्क लगवाने के नाम पर युवक से हड़पे 5.35 लाख

- पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सरकारी स्कूल में क्लर्क की नौकरी दिलवाने के नाम पर गांव फतेहगढ़ निवासी मनीष कुमार से पांच लाख 35 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप गांव बीबीपुर निवासी प्रदीप कुमार पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मनीष कुमार ने शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में था। इस दौरान उनके गांव के लड़के ने उसे बीबीपुर निवासी प्रदीप कुमार से मिलवाया। प्रदीप ने उसे कहा कि उसकी बड़े अधिकारियों के साथ जान पहचान है। वह उसे सरकारी स्कूल में क्लर्क की नौकरी दिलवा देगा। इसके लिए आरोपी ने उससे पैसे खर्च करने की बात कही। वह आरोपी की बातों में आ गया।

आरोपी ने उससे अलग-अलग करके पांच लाख 35 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद आरोपी ने उसे पंचकूला बुलाया। जहां आरोपी ने उसे कहा कि वह उसे अभी अनुबंध आधार पर नौकरी लगवा रहा है। मगर बाद में उसे पक्का करवा दूंगा। मगर आरोपी ने उसकी कोई नौकरी नहीं लगवाई। परेशान होकर उसने आरोपी से पैसे वापस मांगे तो उसने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की मासिक बैठक आयोजित

**घरौंडा।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ खंड घरौंडा हलके की मासिक मीटिंग हर्बल पार्क घरौंडा में की गई हलके के अनेक वरिष्ठ रिटायर्ड कर्मचारी साथियों ने इस मीटिंग में भाग लिया वह संगठन की मजबूती के लिए संकल्प दोहराया गया संगठन के साथी सतनाम सिंह ने संगठन को कैसे मजबूत किया जाए समिति की परिभाषा को विस्तार से समझाया संगठन के जिला अध्यक्ष बलराज सिंह ऑडिटर राजपाल ने बहुत महत्वपूर्ण जानकारियां दी। अधिकतर वरिष्ठ साथी ट्रेजरी के कार्यकलापों से दुखी थे सरकार की नीतियों में कोई कर्मचारी कोताही न बरते साथियों में संघ के प्रति बहुत अधिक निष्ठा दिखाई गई एक है तो सेफ है आठवें वेतन आयोग में रिटायर्ड कर्मचारी यो को कोई लाभ नहीं देने के बारे में सभी साथियों ने दुख व्यक्त किया।

### जिला कोर्ट कॉम्पलैक्स में लगाया हैल्प डैस्क

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायधीश सुश्री आराधना साहनी के मार्गदर्शन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सीजेएम एवं सचिव नितिन राज द्वारा साईबर फ्रॉड पर जागरूकता के लिए जिला कोर्ट कॉम्पलैक्स में हैल्प डैस्क लगाया गया। इसके साथ ही स्कूलों में भी साईबर क्राईम से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। हैल्प डेस्क पर भी लोगों को साईबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इतना ही नहीं, डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता व अन्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान बुकलेटस और पैंपलेटस भी वितरित किए गए।

### समाधान प्रकोष्ठ समीक्षा बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्य सचिव के आदेशानुसार शिकायतों के समय पर निपटान के लिए समाधान प्रकोष्ठ समीक्षा की एक बैठक 11 अप्रैल 2025 को सुबह 10 बजे लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता नगराधीश करेंगे। यह जानकारी नगराधीश डा. रमन गुप्ता ने दी है। सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित समस्याओं की रिपोर्ट लेकर समय पर बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

---

### गेहूं की आवक, खरीद, उठान, गेट पास आदि की फीडबैक रिपोर्ट भी ली

# विधायक ने अनाज मंडी का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

अनाज मंडी में गेहूं की आवक अधिक होने की वजह से उठान के कार्यों में दिक्कत का सामना न करना पड़े



इंद्री अनाज मंडी मे आई गेहूं की ढेरियों पर जाकर निरीक्षण करते विधायक रामकुमार कश्यप। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने इंद्री अनाज मंडी का औचक निरीक्षण कर गेहूं की आवक व उठान कार्य के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही मार्किट कमेटी के कार्यालय में अधिकारियों व खरीद एजेंसियों की बैठक ली व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आढ़तियों एवं किसानों की समस्याएं सुनीं और उनसे बातचीत की। उन्होंने मंडी से खरीदे गए गेहूं के शीघ्र उठान के निर्देश संबंधित गेहूं खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को दिए। विधायक ने अनाज मंडी निरीक्षण के दौरान कहा कि किसानों की गेहूं की फसल का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदा जाएगा और किसान को फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी में गेहूं की आवक अधिक होने की वजह से उठान के कार्यों में दिक्कत का सामना न करना पड़े, इसलिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मंडी से गेहूं के उठान में और अधिक तेजी लाए। उन्होंने किसानों व आढ़तियों से यह भी अपील की कि वे प्रशासन के साथ आपसी सहयोग व तालमेल से फसल के उठान की समस्या को दूर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित किए गए मानकों के अनुसार किसानों की फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद किया जाएगा।

विधायक ने मंडी में आई गेहूं की ढेरियां पर जाकर मशीन के माध्यम से नमी को जांचने के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से मंडियों में अब तक हुई आवक, खरीद, उठान, गेट पास, ट्रांसपोर्टेशन सहित अन्य विषयों के बारे में फीडबैक रिपोर्ट भी ली। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को इस बात पर फोकस रखना चाहिए कि मंडियों में किसानों और व्यापारियों को पीने के पानी, शौचालय, सफाई व्यवस्था, बिजली सहित अन्य सुविधाएं मिले। इस मौके पर मार्किट कमेटी के अधिकारियों सहित काफी संख्या मे मंडी के आढ़ती व किसान उपस्थित रहे।



इंद्री अनाज मंडी में आढ़ती एसोसिएशन इंद्री के नवनियुक्त प्रधान को बधाई देते मंडी के आढ़ती ।

#### मंडी एसोसिएशन इंद्री के प्रधान बने सुमेर कांबोज

इंद्री। कच्चा आढ़ती एसोसिएशन इंद्री के आढ़तियों की मीटिंग किसान भवन इंद्री में हुई । मीटिंग की अध्यक्षता बालकृष्ण लांबा ने की । मीटिंग में सर्व समिति से सुमेर चंद कांबोज को अनाज मंडी एसोसिएशन इंद्री का प्रधान चुना गया । इस मौके पर उपस्थित आढ़तियों ने नवनियुक्त प्रधान सुमेर चंद कांबोज को प्रधान बनने पर बधाई दी । नवनियुक्त प्रधान सुमेर चंद कांबोज ने सभी आढ़तियों को आश्वासन देते हुए कहा कि वे मंडी के आढ़तियों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने देंगे और सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाने का प्रयास करेंगे । इस मौके पर पूर्व प्रधान महेंद्र त्यागी, समय सिंह कांबोज, ईशम सिंह, रामपाल चहल, अमन बंसल, रमेश चंद, जय नारायण शर्मा, अमित गोयल, संजीव गोयल, रिषीपाल खेडा, प्रवेश कांबोज, पवन, हरपाल, जयप्रकाश बंसल, धर्मवीर व राजेश आदि आढती मौजूद रहे ।



## विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने किया घरौंडा अनाज मंडी का दौरा

- खरीद व्यवस्था का लिया जायजा, अधिकारियों को निर्देश, कहा के किसानों को न आए कोई परेशानी
- खरीद समय पर की जाए और निर्धारित अवधि में किसानों को भुगवान किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करानाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने गुरुवार को घरौंडा अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। मंडी एसोसिएशन, आढ़तियों, खरीद एजेंसियों और मंडी बोर्ड के कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिये। खरीद समय पर की जाए और निर्धारित अवधि में किसानों को भुगवान किया जाए। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण गुरुवार दोपहर बाद घरौंडा अनाज मंडी पहुंचे थे। उन्होंने मंडी बोर्ड कार्यालय में आढ़तियों, मंडी एसोसियेशन, गेहूं खरीद करने वाली ऐजेंसियों और मंडी बोर्ड के कर्मचारियों के साथ बैठक की और खरीद को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान किसानों, आढ़तियों ने अपने सुझाव दिए, जिनको लेकर विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण ने अधिकारियों को निर्देश किया। उन्होंने मंडी में आवक, उठान और खरीद के बारे में जानकारी हासिल की। बैठक के बाद मंडी में गेहूं की ढेरियों का निरीक्षण कर गुणवत्ता जांची। इस मौके पर आढतियों ने श्री कल्याण को व्यवस्था से जुड़े कुछ सुझाव मांगे रखी।

इस मौके पर मंडी बोर्ड के सचिव चंद्र प्रकाश, डीएम हैफेड उधम सिंह, मंडी एसोसिएशन के प्रधान महेंद्र कुमार हैप्पी, पूर्व प्रधान सुशील, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर राजेश आदि मौजूद रहे।

---

## 13 अप्रैल को होगा राष्ट्रीय जागृति महासम्मेलन का आयोजनः नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करानाल

ऑल इंडिया सैनी समाज के प्रदेश अध्यक्ष नवनीत सैनी ने कहा कि आगामी 13 अप्रैल को दिल्ली-गुरुग्राम बॉर्डर के नजदीक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती पर राष्ट्रीय जागृति महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।



नवनीत सैनी वीरवार को सैनी समाज भवन में राष्ट्रीय जागृति महासम्मेलन से संबंधित जानकारी दे रहे थे। उन्होंने सभी को निमंत्रण देते हुए कहा कि इस महासम्मेलन में मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री छगन भुजबल, राज्यसभा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा के अलावा विभिन्न प्रदेशों के कई वर्तमान मंत्री व पूर्व मंत्री, कई सांसद, कई विधायक शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जागृति महासम्मेलन में सभी को शिरकत करनी है तथा कार्यक्रम को सफल बनाना है।

इस मौके पर उपस्थित सदस्यों ने नवनीत सैनी को विश्वास दिलाया कि करनाल से ही नहीं बल्कि पूरे हरियाणा से भारी संख्या में लोग शिरकत करेंगे और उपस्थित अतिथियों के विचारों को सुनेंगे। इस अवसर पर करनाल सैनी समाज के प्रधान अमित सैनी, जनरल सेक्रेटरी विनोद सैनी, सैनी समाज के उप प्रधान शेर सिंह सैनी, मनोज सैनी, अनिल सैनी, राजीव कुमार, जोगिंदर, कृष्ण सैनी, सुरेंद्र, दीपक सैनी व सैनी समाज के राष्ट्रीय संस्कृति सचिव हिशम सैनी उपस्थित थे।

## भगवान महावीर अहिंसा, सत्य और करुणा का अनुपम उदाहरणः जगमोहन आनंद

- श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करानाल



करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने वीरवार को महावीर जयंती के उपलक्ष्य में इंद्री रोड स्थित श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की तथा भगवान महावीर के चरणों में नमन किया।

इस मौके पर विधायक जगमोहन आनंद ने भगवान महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान महावीर जी का जीवन अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और करुणा का अनुपम उदाहरण है, उनके द्वारा दी गई शिक्षा हमें स्वयं के भीतर शांति खोजने और दूसरों के प्रति दया भाव रखने की प्रेरणा देती है। भगवान महावीर ने जातिवाद और सामाजिक भेदभाव का विरोध किया और सभी जीवों के प्रति दया और करूणा का संदेश दिया। महावीर जयंती जैन धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो हमें भगवान महावीर के जीवन और शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में जिला सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर वशिष्ठ ने महावीर जयंती की शुभकामना देते हुए कहा कि न्याय पाने के लिए कचहरी में आने वाले दो पक्षों में आपसी सहमति बहुत कम ही बन पाती है। अपने ही सही होने और दूसरों के पूरी तरह गलत होने का हठ समस्या का मूल है। भारत संत गौरव उप प्रवर्तक पीयूष मुनि जी महाराज ने महावीर जयंती की शुभकामना देते हुए कहा कि जब सभ्यता-संस्कृति पर तामसिक शक्तियां कुठाराघात कर रही थीं, जातीय-सांप्रदायिक संकीर्णता ने विकराल पंख पसारे हुए थे, हिंसा के शैवाल के तले अहिंसा बिलख रही थी, धरती माता पुकार कर किसी अहिंसा प्रहरी का आह्वान कर रही थी, उस समय 2624 वर्ष पूर्व भगवान महावीर का अवतरण हुआ। महापुरुष के जीवन से निकलने वाली प्रकाश की किरणें भूले-भटकों का मार्गदर्शन करती हैं। महासाध्वी प्रमिला जी महाराज ने कहा कि भगवान महावीर की सीख में सभी समस्याओं का समाधान निहित है। इस मौके पर मुनि संयमेश, मुनि अभिनव, साध्वी जागृति, संजय जैन, जगदीश शर्मा, कर्मवीर सिंह, सुधा जैन, देशराज अग्रवाल, वीना अग्रवाल, वीना जैन, गौरव एजेंसी के सदस्यगण सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

---



### धूमधाम से मनाई गई भगवान महावीर जयंती

**करनाल।** भगवान महाबीर का 2624 वां जन्म कल्याणक धूमधाम से मनाया गया। जैन मंदिरों में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्थानकों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक दिगंबर जैन समाज द्वारा रथ यात्रा निकाली गई। इस यात्रा को महिला सशक्तिकरण का नाम दिया। रथ को इस बार महिलाओं ने खींचा। जैन समाज द्वसरा निकाली गई रथ यात्रा की कमान महिलाओं के हाथों में रही। सुबह जैन मंदिर में भगवान महाबीर का जन्म कल्याणक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उसके बाद दोपहर बाद रथ यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर मंदिर से शुरू हुई रथ यात्रा शहर के विभिन्न भागों से होते हुए जैन स्कूल में पहुंची। वहां पर भगवान महाबीर का अभिषेक किया गया। उसके बाद वापस जैन मंदिर पहुंचे। रथ यात्रा में आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। इस अवसर पर रथ को खींचने वाली महिलाओं में वीणा जैन शिखा जैन, सीमा जैन प्रीति जैन पूनम जैन नीतू जैन, रुचि जैन साक्षी जैन रचना जैन कल्पना निशा जैन जैन मीनाक्षी जैन,शामिल थी। रथ यात्रा में बीरेश जैन, अजय जैन, डा. पीके जैन प्रवीण जैन,विनोद जैन, सुशील जैन आदि रहे।

### साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र में 21 को करेगी प्रवेश : सुधा

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व राज्यममंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र जिले में 21 अप्रैल को अंबाला से प्रवेश करेगी। यह साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र की मोहडी, खानपुर जाटान, चढूनी जाटान,खानपुर कोलिया और रात्रि कुरुक्षेत्र में ही साइक्लोथॉन यात्रा रुकेगी और 22 अप्रैल को सुबह 7 बजे साइक्लोथॉन को कैथल जिले के लिए रवाना किया जाएगा। यह यात्रा कुरुक्षेत्र के कमौदा, पिंडारसी के साथ-साथ मार्ग में आने वाले अन्य गावों में भी पहुंचेगी। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि इस साइक्लोथॉन का जगह-जगह स्वागत करने के लिए गांव के सरपंचों और गणमान्य नागरिकों की ड्यूटियां लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के साथ-साथ कुरुक्षेत्र के अन्य नागरिक भी इस साइक्लोथॉन में भाग ले।

## संस्थापकों ने दिखाया प्रगति का रास्ता

- लिबर्टी पुरम में मनाया संस्थापक दिवस कार्यक्रम ,संस्थापको को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करानाल



लिबर्टी शूज लिमिटेड के एम डी शम्मी बंसल ने कहा है कि लिबर्टी का देश की औद्योगिक प्रगति में अहम योगदान है। लिबर्टी ने अपनी यात्रा 1954 में शुरू की थी। वह लिबर्टी पुरम में आयोजित संस्थापक दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस यात्रा को शुरू करने बालो में श्री डी पी गुप्ता ,श्री पी डी गुप्ता तथा श्री राज कुमार बंसल थे। उन्होंने कहा कि 2025 तक आते आते यह कम्पनी विश्व की अपनी तरह की सबसे बड़ी शूज निर्माता कंपनी बन गयी है। उन्होंने कहा कि जो कुछ संस्कार हमारे संस्थापको ने दिए उन्हीं को साथ लेकर चल रहे है।जो रास्ता हमे हमारे संस्थापको ने दिखाया उसी पर सभी को चलने की जरूरत है। लिबर्टी शूज लिमिटेड के कुटेल के लिबर्टी पुरम स्थित फैक्ट्री परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आज सुबह संस्थापको की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।सबसे पहले कार्यकारी निदेशक सुनील बंसल,एम डी शम्मी बंसल,आयुष बंसल,मनन बंसल, वैभव बंसल ने पुष्पांजलि अर्पित की । उसके बाद पंकज मनि गोयल अशोक चावला,विरेंद्र नरवाल,आर सी चौहान , मन्नू शर्मा, राकेश चौहान , एसएस यादव किशन लाल, जी एस सैनी ,बाई के शर्मा, अमित गुप्ता, जिया उल हक,सुरेश काम्बोज, पंकज रुद्रा, सुजान सिंह सैनी ,आदि ने माल्यार्पण किया।



### योग से जीवन में होने वाले परिवर्तन बताए

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत लोगो को स्वस्थ करने के मिशन का विस्तार करते हुए प्रमुख शिक्षक दिनेश गुलाटी के निर्देशन में स्वामी दयानंद सरस्वती पार्क सूर्य एनक्लेव सेक्टर 7 में तीन दिवसीय विशेष योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।दिनांक 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक होने वाले इस निःशुल्क योग शिविर के प्रथम दिवस ही मौजूद लोगो ने योग सीखा। योग गुरु दिनेश गुलाटी ने योग करवाते हुए योग के लाभ और योग द्वारा जीवन में होने वाले परिवर्तन के विषय में विस्तार से बताया।।उन्होंने साधकों को सूक्ष्म क्रियाओं,आसनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया।जिसका सभी ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। दिनेश गुलाटी ने बताया कि योग हर उम्र के व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण है और 40 50 की उम्र में तो ओर भी जरूरी है। योग में हर समस्या का समाधान निहित है। इससे जागरूकता, स्मरण शक्ति,एकाग्रता बढ़ती है। कक्षा में योग शिक्षक सुभाष आर्य और राजीव शर्मा ने भी साधकों को योगासनों का अभ्यास करवाया जिसमें सुभाष चंद्र, विजय भंडारी, राजेंद्र मुंजल, अन एल कपूर, वर्मा जी, मनोज अग्रवाल, रंजन, दर्शन नंदा, तनिष्क, नीलम गोयल आदि रहे।

---

## हजारों बच्चों ने डेढ़ घंटे तक णमोकार महामंत्र का जाप कर दिखाई भक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करानाल



विश्व भर में णमोकार महामंत्र की गूंज आज उठी । पूरे विश्व में एक साथ इस महामंत्र का जाप किया गया। करनल में भी लाखों लोगों ने एक साथ इस महामंत्र का जाप किया। मुख्य कार्रूक्रम जैन स्कूल रेलवे रोड पर सकल जैन समाज ने किया। जिसमें हजारों बच्चों ने एक साथ इस महामंत्र का जाप किया। यह आयोजन जीतो द्वारा भारत समेत 150 देशों में किया जाएगा। देश के विभिन्न भागों की तरह करनाल जिले के स्थानकों जैन मंदिरों में एक साथ णमोकार महामंत्र का अखंड जाप किया गया। विश्व शामित और वसुधैव कुटम्बकम की भावना को ध्यान में रख कर यह आयोजन किया गया। जैन कॉन्फ्रेंस के सभी लगभग 80 हजार सदस्यों, राष्ट्रीय एवम प्रांतीय कार्यकारिणी पदाधिकारियों सदस्यों सभी को इस आयोजन को अधितिय ऊंचक्ष्यों पर ले जाना है जिससे प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग और सहभागिता सुनिश्चित करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर नई ऊर्जा जोश और समर्पण के साथ यह सुनिश्चित करें कि यह ऐतिहासिक दिन सकल जैन समाज के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो। नवकार महामंत्र शांति, करुणा और आध्यात्मिक ऊर्जा का स्त्रोत है। आज सुबह 8 बजकर 1 मिनट पर नवकार (णमोकार) मंत्र का जाप शुरू हुआ। और यह 9 बजकर 36 मिनट तक चला। इस अवसर पर बीरेश जैन, प्रो. एससी जैन, सुशील कुमार जैन, अजय जैन रमन जैन, नवीन जैन राकेश जैन अजय जैन ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

### शहीद उधम सिंह चौक से मेरठ रोड तक ग्रीन बेल्ट का होगा सुदृढ़ीकरण

# अगले सप्ताह वर्क ऑर्डर होगा जारी, साढ़े 11 करोड़ रुपये होंगे खर्चः डॉ. वैशाली शर्मा

ग्रीन बेल्ट स्मार्ट रोड की तर्ज पर होगी विकसित, वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करानाल



शहर के बाहरी इलाके से गुजरती शहीद उधम सिंह चौक से मेरठ रोड टी-पॉयट तक ग्रीन बेल्ट, स्मार्ट रोड की तर्ज पर विकसित होगी। अगले सप्ताह इस कार्य के लिए वर्क ऑर्डर जारी कर दिया जाएगा। इस सड़क के बनने से वाहन चालकों का आवागमन सुगम व सुरक्षित होगा। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सड़क के निर्माण के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई थी, जिसके खुलने के बाद तकनीकी मूल्यांकन कर इसे वित्तीय स्वीकृति के लिए निदेशालय भेजा गया। उन्होंने बताया कि अब इसकी वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है, शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय से इसका पत्र जारी होते ही चयनित एजेंसी को कार्य आदेश (वर्क ऑर्डर) जारी कर दिया जाएगा।

#### सड़क निर्माण में यह होंगे कार्य

- उन्होंने बताया कि सडक़ के सुदृढ़ीकरण में वाहन चालकों की सुविधा को देखते तमाम कार्य किए जाएंगे। बिटुमिन कंक्रीट से मजबूत सडक़ का निर्माण किया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से रोड फर्नीचर के कार्य करवाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त फुटपाथ, साइकिल ट्रैक, सैंट्रल वर्ज, पेड़-पौधे, लैंड स्केपिंग, थर्मोप्लास्टिक पेंट, जेब्रा क्रॉसिंग, पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाने जैसे कार्य करवाए जाएंगे। यह सभी कार्य 6 माह में पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों व सैर-सपाटे के लिए आने वाले नागरिकों को अनेक प्रकार की सुविधाएं मुहैया होंगी।

उन्होंने बताया कि करीब 4.6 किलोमीटर लंबी सडक़ के सुदृढ़ीकरण कार्य पर अनुमानित 11 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। यह कार्य करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड के डिपोजिट वर्क के तहत नगर निगम द्वारा करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सडक़ का निर्माण मेरठ रोड़ ग्रीन बेल्ट टी-पॉयट से शुरू कर सांई बाबा मंदिर चौक, नूर महल चौक, सामुदायिक केन्द्र सैक्टर-9 एवं मार्किट एरिया से होते हुए शहीद उधम सिंह चौक तक किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कश्यप जयंती का न्योता दिया

**पानीपत।** कश्यप राजपूत सभा के शहरी जिला अध्यक्ष धर्मवीर देहरा कश्यप के निवास पहुंचने पर विधानसभा के चीफ व्हीप इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप का धर्मवीर कश्यप ने पगड़ी व फूल माला पहनाकर स्वागत किया और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं विधायक रामकुमार कश्यप ने आने वाली 24 मई को हल्का लाडवा अनाज मंडी में कश्यप जयंती का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर राजवीर कश्यप, संजीव कश्यप, ईश्वर सिंह कश्यप, खडक़ सिंह कश्यप, सुखबीर, लक्ष्मी कश्यप, धन्ना सिंह कश्यप, जगत सिंह, सुलतान आदि उपस्थित रहे।

### बैंकों के बाहर पार्किंग नहीं, लोग परेशान

**समालखा।** समालखा सर्विस रोड के दोनों तरफ करीब एक दर्जन बैंक हैं। मगर किसी के पास भी पार्किंग की सुविधा नहीं है। जिसके चलते बैंक में आने वाले ग्राहक अपने वाहनों को सडक़ पर ही खड़े करके बैंक में चले जाते हैं। जिसके कारण दिनभर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। दूसरी तरफ सडक़ पर खड़े वाहनों को लेकर सिटी ट्रैफिक इंचार्ज सतीश कुमार ने बताया कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने व अवैध तरीके से वाहन पार्किंग करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

### रिटायर्ड कर्मियों ने बैठक की

**समालखा।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लाक समालखा की मीटिंग गुरु रविदास पब्लिक स्कूल में ईश्वर सिंह कुहाड प्रधान ब्लाक समालखा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रोहतास भापरा, सतबीर, मोहिंदर सिंह, साधु राम, महाबीर, सुखबीर, राजिंद्र रोहिल्ला, तुला राम आदि ने भाग लिया।

### जैन किड्स स्कूल में बैसाखी का पर्व मनाया

**पानीपत।** जैन किड्स स्कूल में बैसाखी का पर्व मनाया गया। विद्यालय परिसर पंजाबी संस्कृति के रंगों में रंगा हुआ था। जहां विद्यार्थी व शिक्षक पारंपरिक पंजाबी परिधानों में सजे हुए थे। समारोह की शुरुआत अरदास के साथ हुई। जिसके बाद छात्रों ने मनमोहक शब्द और कीर्तन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रिंसिपल मोनिका सहगल व मैनेजर सुभाष जैन आदि उपस्थित रहे।

### इंडस कंपनी के टावर में लगी दो बैटरियां चोरी

**इसराना।** पानीपत के गांव मांड़ी में इंडस कंपनी के टावर में लगी से 48 सेल वाली दो बैटरियां चोरी कर ली। इंडस कंपनी के सुपरवाइजर संदीप ने बताया टेक्नीशियन परविंदर मलिक के साथ जब वे टावर की जांच करने पहुंचे, तो टावर से 48 सेल वाली दो बैटरियां गायब मिलीं। संदीप की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने अज्ञात पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिहार प्रवासी किशोरी लापता हो गई

**पानीपत।** पानीपत के बलजीत नगर में निवास कर रही बिहार प्रवासी किशोरी लापता हो गई। वहीं किशोरी की मां ने पडोस में रहने वाल अभिषेक पर उनकी बेटी को शादी की नीयत से बहलाफुसला कर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। इधर, चांदनीबाग थाना पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लडकी व लडके की तलाश शुरू कर दी है।

### लटकते तारों से जनता हो रही परेशान

**समालखा।** समालखा शहर की गलियों में लगे बिजली के खंभों पर इंटरनेट व केबल नेटवर्क के तारों का अच्छा खासा जाल बिछा हुआ है। केबल और इंटरनेट की तारों से वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वही बंदरों के भी तारों पर लटकने से बिजली की तारें काफी हद तक नीचे लटक गई हैं। जिसके चलते कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते शहर वासियों में रोष व्याप्त है। वहीं समालखा डिवीजन के एक्सइएन डीएस धीमान ने बताया समालखा में खंभों पर इंटरनेट व केबल नेटवर्क तारों के जाल को हटाने के लिए कर्मचारियों को बोला हुआ है। जिस जगह तार लटकी हुई हैं उन्हें जल्द ही ठीक करवा दिया जाएगा।

# श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया

- इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास ने सत्संग किया
- कथा स्थल के पांडाल को बहुत ही सुंदर ढंग से सजाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

इस्कॉन कुरुक्षेत्र व इस्कॉन प्रचार समिति पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में ऐतिहासिक नगरी पानीपत में श्रीमद् भागवत कथा व भगवान श्री कृष्ण बलराम रथयात्रा महोत्सव के तहत श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास ने सत्संग किया। जबकि कथा स्थल के पांडाल को बहुत ही सुंदर ढंग से सजाया गया। 'नन्द के आन्नद भयो



**पानीपत।** श्रीमद् भावगत कथा करते इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास। *फोटो : हरिभूमि*

जय कन्हैया लाल की, हाथी घोडा पाल की जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से सारा पंडाल भक्ति मय हो गया। वहीं, सैकड़ों महिलाओं द्वारा अपने हाथों से मनमोहक एवं स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर भव्य व सुंदर मटकियों में सजाकर भगवान श्री कृष्ण के भोग के लिए पंडाल में लाया गया। जिसमें से इस्कॉन कुरूक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास ने 11 सुंदर मटकियों का चयन किया और उनको सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इस्कॉन प्रचार समिति के रथ यात्रा डायरेक्टर सिया राम गुप्ता, राम निवास गुप्ता, अविनाश पालीवाल, सुन्दर लाल चुघ, अशोक गोयल, राजेश गोयल, अजय गोयल, आशीष मित्तल, अनिल मान, देवेंद्र महाजन, इंद्रजीत कथूरिया, पंकज मेंहदीरत्ता, राज कुमार माटा, भुवन चुघ, अरविंद सिंघल आदि उपस्थित रहे।

# विवेक का अर्थ है अच्छे बुरे की पहचान: भारती

- हमारी वर्तमान जिंदगी हमारे पूर्व कर्मों अर्थात विचारों की ही उपज है

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

श्री सिद्धपीठ दुर्गा माता मंदिर माता पुली रोड, पर दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सात दिवसीय श्रीराम कथा के पांचवें दिन आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी दिवेशा भारती ने कहा कि मन में उठने वाले विचार हमारे जीवन शैली पर गहरा प्रभाव डालते हैं। यही विचार हमारे जीवन की अवधि में घटने वाले सुख व दुखों के मूल कारण बनते हैं। इस कार्य का परिणाम भी भोगना पड़ता है चाहे अच्छा हो या बुरा। इसीलिए हमें अपने मन पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। हमारी



**पानीपत।** श्री सिद्धपीठ दुर्गा माता मंदिर में श्रीराम कथा में भजन गाते श्रद्धालु।

वर्तमान जिंदगी हमारे पूर्व कर्मों अर्थात विचारों की ही उपज है। विचार भीड़ की तरह आते हैं, इनमें कौन अच्छा है, कौन बुरा है। इसके लिए विवेक होने की आवश्यकता है। विवेक का अर्थ है अच्छे बुरे की पहचान विवेक प्रज्ञा से आता है। इस अवसर पर प्रधान श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर अनिल बेनीवाल, धन सिंह कुहाड, सुनील मित्तल पार्षद मनीष बेनीवाल, मनीष मंगला, पंडित जगदेव प्रसाद मिश्रा, सेमवाल शास्त्री, सुभाष शास्त्री, अनिता बेनीवाल, मीना बेनीवाल, रोशनी देवी, सतवीर बेनीवाल, भीम सिंह बेनीवाल समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## प्रभात फेरी व विमानोत्सव का भव्य आयोजन किया गया

# बच्चों ने भगवान महावीर के जीवन पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया

**रथ पर विराजमान होने वाली अष्टधातु की भगवान पारसनाथ की प्रतिमा भी 100 वर्ष से अधिक प्राचीन है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत में भगवान महावीर का 2624वां जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। प्रात काल की बेला में प्रभात फेरी एवं विमानोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, इसके तहत श्रीजी को नेमिनाथ जिनालय मेन बाजार से पालकी में विराजमान कर उत्सव स्थल जैन किड्स स्कूल, जैन मोहल्ला में बैंड बाजों के साथ लाया गया। जहां पर इंद्र बने भक्तों ने भगवान का अभिषेक, पूजन इत्यादि किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान महावीर के चित्र अनावरण राजेंद्र जैन, कपिल जैन, संजीव जैन, कुलदीप जैन, टोनी जैन ने किया। जबकि भगवानश्री के चित्र के समक्ष सुनील जैन, राजेश जैन, रितेश जैन, दिनेश जैन एंव रूलियाराम जैन ने दीप जला। इधर, जिनवाणी विद्या भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं जैन किड्स



**पानीपत।** भगवान महावीर का जयंती पर पूजन करते हुए श्रद्धालु।

स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों के द्वारा भगवान महावीर के जीवन पर आधारित मनमोहक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। जबकि श्रीजी को रथ में लेकर बैठने का सौभाग्य विभोर जैन परिवार को, रथ का सारथी बनने का सौभाग्य सुरेंद्र जैन, कपिल जैन परिवार को, चांदी की पुष्प वृष्टि करने का सौभाग्य साधना जैन आनंद जैन परिवार को, भगवान की प्रथम महाआरती का सौभाग्य अध्यक्ष सुनील जैन ममता जैन परिवार को प्राप्त हुआ। जबकि श्रीजी का चंवर विनोद जैन व गौरव जैन न किया। इधर, एडवोकेट मेहुल जैन ने बताया कि वार्षिक



**पानीपत।** भगवान महावीर का जयंती पर शोभयात्रा में भाग लेते हुए महिला श्रद्धालु।

उत्सव रथयात्रा सैकड़ों वर्षों से चलती आ रही है और पानीपत की सबसे प्राचीन रथ यात्रा है इसके प्रमाण इससे भी सिद्ध होते हैं कि यहां पर 800 वर्ष प्राचीन जैन मंदिर है और 1500 वर्ष प्राचीन प्रतिमाएं विराजमान है। वहीं, रथ पर विराजमान होने वाली अष्टधातु की भगवान पारसनाथ की प्रतिमा भी 100 वर्ष से अधिक प्राचीन है और श्रीजी हर वर्ष रथ यात्रा में रथ पर विराजमान करके सभी का कल्याण के लिए नगर भ्रमण कराया जाता

**कार्यक्रम में ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायत के प्रधान सुनील जैन, उप प्रधान सुरेश जैन, सचिव मनोज जैन, प्रबंधक पुनीत जैन, कोषाध्यक्ष सुशील जैन, कुलदीप जैन, जैन स्कूल सोसायटी के अध्यक्ष राजेश जैन प्रबंधक संजीव जैन प्रबंधक दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन, भूपेंद्र जैन, रतन जैन , राजीव जैन, बृजभूषण जैन, कुणाल जैन, राजेंद्र जैन समेत बडी संख्या में जैन श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**पानीपत।** जन्मोत्सव पर बाल स्वरूप भगवान महावीर का स्नेह करती महिला श्रद्धालु।

# महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया

- साध्वी सोनिया ने भगवान महावीर का पूरा जीवन सुंदर शब्दों में प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

गांधी मंडी स्थानक में श्री एसएस जैन सभा के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े उत्साह एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। सानिध्य महासाध्वी ज्ञान प्रभा महाराज मधुबाला, स्मृति, सोनिया का रहा। साध्वी स्मृति जी महाराज ने शुभारंभ इन पंक्तियों से किया तेरे चरणों पर महावीर निशि-दिन शीश हम झुकाते हैं, त्रिशला नंदन जग हितकारी का गीत हम गाते हैं। साध्वी सोनिया ने भगवान महावीर का पूरा जीवन सुंदर शब्दों में प्रस्तुत किया और गाया महावीर जयंती आई है, रहबर की यादें लाई है / जय कारों से हमने, जिह्वा पवित्र बनाई है। जबकि प्रधान जगदीश जैन ने फरमाया कि हम बहुत सौभाग्यशाली हैं की जैन परंपराओं में पले बढ़े हैं। जैन दर्शन अनेकांतवाद व अपरिग्रह पर आधारित है। इसके मूल में अहिंसा है, शाकाहार है। शाकाहार को अब दुनिया अपनाती जा रही है। अब विदेशों में भी जैन फूड आसानी से मिलने लगा है। सत्य व अहिंसा को अपनाने वाला महावीर कहलाता है।

इस अवसर पर महामंत्री डॉ. ईश्वर जैन, दीपिका जैन, दिया जैन, पलक, अनामिका जैन, हिना जैन, दिव्या जैन, मुस्कान, पंखुड़ी, शानवी, वैरागन सिधा जैन, अर्चित जैन, नमन, भगत महावीर जैन, डॉ. एपी जैन, डॉ. रामनिवास जैन, सुरेश जैन, सुशील जैन, सुभाष जैन, रामकिशन जैन, वरिंदर जैन, कालू जैन, मनोज जैन, आत्माराम जैन, रमेश जैन, सतीश जैन, पवन जैन, सरोज जैन, किरण जैन, सुलोचना जैन, अंजलि जैन, अनीता जैन आदि श्रद्धालु जन बड़ी मात्रा में उपस्थित रहे।

# शोरगिर बस्ती में पार्षद सुधीर चुघ के प्रयासों से सड़क का निर्माण कार्य शुरु

- वार्ड का चहुंमुखी विकास करना ही एकमात्र ध्येय : सुधीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

वार्ड नंबर 32 शोरगिर बस्ती में पार्षद सुधीर चुघ के प्रयासों से सड़क निर्माण कार्य शुरु हो गया है। वार्ड पार्षद सुधीर चुघ ने बताया कि पूर्व मंत्री सुभाष सुधा के आशीर्वाद से सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। सुधीर चुघ ने कहा कि वार्ड का चहुंमुखी विकास करना ही उनका एकमात्र ध्येय है। वार्डवासियों ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेवारी सौंपी है वे उस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे। वार्डवासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही आने दी



**कुरुक्षेत्र।** सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करते पार्षद सुधीर चुघ।

जाएगी। वार्ड 32 उनका परिवार है यदि किसी भी वार्डवासी को कोई भी समस्या आती है तो वे उनसे संपर्क कर सकते है। सुधीर चुघ ने कहा कि भाजपा की सरकार हमेशा से 'सबका साथ, सबका विकास' को साकार करती रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है जिसका जरुरतममंदों को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। वही पूर्व मंत्री सुभाष सुधा वार्डवासियों की समस्याओं को लेकर गंभीर है। सुधीर चुघ ने बताया कि पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने आश्वासन दिया कि वार्डवासियों को सभी मूलभूत सुविधाएं दी जाएगी। वार्डवासियों की समस्याओं को तत्परता से हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के लिए बनी है,ऐसे में अधिकारी जनता के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें।

### साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र में 21 को करेगी प्रवेश : सुधा

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व राज्यममंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र जिले में 21 अप्रैल को अंबाला से प्रवेश करेगी। यह साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र की मोहडी, खानपुर जाटान, चढूनी जाटान,खानपुर कोलिया और रात्रि कुरुक्षेत्र में ही साइक्लोथॉन यात्रा रुकेगी और 22 अप्रैल को सुबह 7 बजे साइक्लोथॉन को कैथल जिले के लिए रवाना किया जाएगा। यह यात्रा कुरुक्षेत्र के कमौदा, पिंडारसी के साथ-साथ मार्ग में आने वाले अन्य गावों में भी पहुंचेगी। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि इस साइक्लोथॉन का जगह-जगह स्वागत करने के लिए गांव के सरपंचों और गणमान्य नागरिकों की ड्यूटियां लगाई जाएंगी। सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के साथ-साथ कुरुक्षेत्र के अन्य नागरिक भी इस साइक्लोथॉन में भाग ले।

# सीएम से मिले पानीपत अंसल निवासी

- मंत्री ढांडा ने सीएम सैनी से अंसल सुशांत सिटी को नगर निगम में शामिल करवाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

अंसल सुशांत सिटी को नगर निगम में शामिल करने की मांग को लेकर यहां के निवासी आंदोलनरत है। वहीं, असंल निवासियों ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के प्रयासों से नगर निगम में अंसल सिटी को शामिल करने का प्रस्ताव पास करके फाइल को मुख्यमंत्री कार्यालय में भिजवा गया था। इधर, अंसल को नगर निगम में शामिल करने की मांग को लेकर अंसल निवासी सुरेंद्र राणा, सुरेश गुम्बर व अमित वर्मा, चंडीगढ़ में मंत्री महीपाल ढांडा से मिले तथा उन्हें ज्ञापन सौंपा। वहीं



**पानीपत।** मुख्यमंत्री नायब सैनी को फूल भेंट करते हुए अंसल निवासी।

मंत्री महीपाल ढांडा ने स्वयं साथ जा कर मुख्यमंत्री नायब सैनी से अंसल निवासियों को मिलवाया। मंत्री ढांडा ने सीएम सैनी से अंसल सुशांत सिटी को नगर निगम में शामिल करवाने की अपील की। इधर, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अंसल निवासियों का ज्ञापन लेते हुए कहा कि वे, अंसल निवासियों की मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करेगे।

# होम्योपैथिक के जनक डॉ. हनिमन को जयंती पर श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

होम्योपैथिक के जनक डॉक्टर समूल हनिमन के 271वें जन्म दिवस पर आयुष विभाग द्वारा रामनगर स्थित वाल्मीकि मंदिर में होम्योपैथिक कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर जसविंदर चहल द्वारा 204 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाई दी गई तथा स्वास्थ्य रहने का परामर्श दिया। डॉ सुदेश पाल ने कहा कि हर नागरिक को अपना खानपान सुधारना चाहिए। प्रति दिन योग व सैर करनी चाहिए, बाजारी भोजन नहीं करना चाहिए, घर पर ही बना भोजन खाना चाहिए, भोजन में हरी सब्जी, दाल व मिलेट्स का सेवन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि शरीर में रोग के लक्षण नजर आ तो इसे छिपाना नहीं चाहिए, लापरवाही नहीं करती चाहिए और डॉक्टर से उपचार करवाना चाहिए। लापरवाही जान



**पानीपत।** होम्योपैथिक के जनक डॉ. समूल हनिमन की जयंती पर दीप जलाते हुए चिकिकत्सक आदि। *फोटो : हरिभूमि*

लेवा साबित हो सकती है। उन्होंने दावा किया कि होम्योपैथी चिकित्सा प्रद्धति बहुत ही प्रभावी है।

## पर्यावरण परिषद हरियाणा के उपाध्यक्ष बने अफसर रावल

# एक करोड़ पेड़ लगाने का संकल्प लिया

- जनता से भी इस अभियान से जुड़ने और अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद की बैठक में पानीपत निवासी अफसर रावल को हरियाणा राज्य का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया। परिषद अध्यक्ष राहुल द्विवेदी ने यह घोषणा की। इस मौके पर अफसर रावल ने भूपेंद्र यादव पर्यावरण मंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, परिषद



**पानीपत।** पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद, हरियाणा के उपाध्यक्ष अफसर रावल का स्वागत दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

अध्यक्ष राहुल द्विवेदी और निदेशक सुनील मुदगिल का आभार जताया। अफसर रावल ने हरियाणा में हर साल एक करोड़ पेड़ लगाने का संकल्प लिया। उन्होंने जनता से भी इस अभियान से जुड़ने और अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने विश्व स्तर पर भारत की पहचान को मजबूत किया है और एक विजन लेकर विकसित भारत के मिशन में लगे हैं। प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार विकसित भारत विकसित हरियाणा की तर्ज पर तीन गुना तेजी से विकास कार्यों को कर रही है।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी जसप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। मोहड़ा के सलिंद्र कुमार ने 26 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव मोहडा में स्थित उसके घर से आरोपी ने जेवरात चोरी किए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी साहिल व प्रिंस उर्फ लवली को गिरफ्तार किया है। परिवादी शिव चरण ने 7 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि मेन बाजार नारायणगढ़ से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी कर ली है। पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### गुड और बैड टच की दी जानकारी

**बराड़ा।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय झाडू माजरा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नौहनी में पुलिस विभाग की दुर्गा शक्ति एवं सेफ सीटी टीम टू नारायणगढ़ द्वारा विद्यार्थियों तथा स्कूल स्टाफ को जागरूक किया गया। इस टीम का नेतृत्व कर रही हेड कांस्टेबल अंजू सैनी ने हेल्पलाइन नंबर 112, दुर्गा शक्ति एप, पॉक्सो एक्ट, गुड टच/बैड टच, साइबर क्राइम एवं महिला सुरक्षा, ट्रिप मॉनिटरिंग और नए आपराधिक कानूनों तथा सोशल मीडिया के बारे में बताया। सैनी ने बताया कि 13 फिमेल तथा 5 मेल अध्यापकों को एप डाउन लोड करवा कर जानकारी दी गई।

### गर्वनमेंट पीजी कॉलेज की नई बिल्डिंग मंजूर

**अंबाला।** गवर्नमेंट पीजी कॉलेज की नई बिल्डिंग मंजूर होने पर प्रिंसिपल डॉ. देशराज बाजवा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने सरकार द्वारा कॉलेज की एक नई बिल्डिंग मंजूर होने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने प्रिंसिपल डॉ. बाजवा को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा व छात्रों के विकास के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि अंबाला उनका गृह जिला है। कॉलेज के आधारभूत ढांचे व डिजिटिलाइजेशन का सुधारने के लिए फंड की कमी नहीं आने दी जाएगी। डॉ बाजवा ने कॉलेज की एकेडमिक व अन्य गतिविधियों की रिपोर्ट भी पेश की। अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा हासिल है। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में वार्षिक समारोह व पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा।

# भगवान महावीर का जीवन त्याग, तपस्या और सेवा का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

भगवान महावीर जयंती के शुभ अवसर पर एसए जैन मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में भगवान महावीर जनकल्याण महोत्सव कमेटी की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के लोग, छात्र और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। पूरा माहौल भगवान महावीर के आदर्शों से ओत-प्रोत नजर आया। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने मंच पर विराजमान गुरु महाराज को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर गुरु महाराज ने भगवान महावीर के उपदेशों और जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके सिद्धांतों को अपनाने की अपील की। गोयल ने कहा कि भगवान महावीर ने सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य और ब्रह्मचर्य जैसे सिद्धांतों के माध्यम से समाज को नई दिशा दी। इस युग में इन मूल्यों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है ताकि समाज में शांति, सद्भाव और नैतिकता बनी रहे। उन्होंने ने आगे कहा कि भगवान महावीर का जीवन त्याग, तपस्या और सेवा का प्रतीक है। अगर हम उनके बताए मार्ग पर चलें तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सुखमय हो सकता है बल्कि समाज भी समृद्ध और सशक्त बन सकता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में इन सिद्धांतों को आत्मसात करें। कार्यक्रम का संचालन बहुत ही अनुशासित और प्रभावशाली ढंग से किया गया, जिससे सभी लोगों में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।


**अंबाला।** पूर्व मंत्री असीम गोयल को सम्मानित करते जैन समाज के पदाधिकारी।

### यह रहे मौजूद

इस दौरान हितेश जैन, किशोर जैन, अभय जैन, धर्मपाल जैन, दविंदर जैन, विकास जैन, राजिंदर जैन, अनिल जैन, एचवी जैन,डिप्टी मेयर राजेश मेहता, निगम सदस्य सरदूल सिंह,गुरविंदर सिंह,राजेश गोयल व अन्य मौजूद रहे।

## एसए जैन सभा ने मनाई महावीर जयंती, महा नवकार मंत्र का किया जाप

**मुलाना।** एसएस जैन सभा द्वारा भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव जैन स्थानक में हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जैन समाज के श्रद्धालुओं ने एक घंटे तक महा नवकार मंत्र का सामूहिक जाप किया। मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्तिमय हो उठा। समारोह में समाज के अनेक सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और संयम के संदेश को दोहराया। एसएस जैन सभा के पदाधिकारियों ने सभी को भगवान महावीर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। दोपहर बाद एसएस जैन सभा प्रवक्ता श्रीपाल जैन के निवास स्थान पर भी महानवकार मंत्र का सामुहिक जाप किया गया। मौके पर एसएस जैन सभा प्रधान अशोक जैन, उमेश गोयल, रामकुमार जैन, अभय, छोटा जैन, अमरनाथ अरोडा, रामनाथ, प्रवीन जैन,यशपाल मलिक,सतीश जैन, राममूर्ति जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


**मुलाना।** समारोह में मौजूद महिलाएं व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

## पूर्व मंत्री असीम गोयल ने विस क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं

# अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

- कहा सैनी सरकार कर रही है पूरे राज्य का एक समान विकास

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने वीरवार को अपने निवास स्थान पर अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं की सुनी। मौके पर उनका समाधान किया। इस दौरान लोगों ने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें व समस्याएं पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के समक्ष रखी। जनसुनवाई करते हुए पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने अधिकतर समस्याओं का तुरंत समाधान किया व अन्य शिकायतों का समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात की। उन्हें जनता की समस्याओं के निपटान के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के लोग भी पूर्व मंत्री असीम गोयल से मिलने पहुंचे। जिनमें आईएम डॉक्टर्स, वाल्मीकि समाज,सैनी समाज के लोग शामिल थे। अंबाला शहर से हॉकी के खिलाड़ियों व कोच ने भी पूर्व मंत्री असीम गोयल से मुलाकात की। जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से बात करते हुए असीम गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी दिन रात एक कर हर हरियाणवी की सेवा में जुटे हुए हैं। हर रोज़ कोई न कोई जनता के हित का फैसला सीएम ले रहे हैं। नायब सरकार में जनता ही सर्वोपरि है। ऐसे में हमारा भी यही प्रयास है कि इलाके की जनता की अधिक से अधिक सेवा की जा सके। उसी कड़ी में जन सुनवाई करते हुए लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया। गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए हुए हैं कि जनता के काम करने में कोताही न बरती जाए और न ही आमजन को परेशान किया जाए। इस दौरान डिप्टी मेयर राजेश मेहता, निगम सदस्य मनीष आनंद,सरदूल सिंह,शोभा पुनिया,जसबीर सिंह, मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह,भाजपा नेता रितेश गोयल,संजीव गोयल, जसविंदर सिंह, अनिल गुप्ता, पिंकु सूद व अन्य मौजूद रहे।


**अंबाला।** विस क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल। *फोटो : हरिभूमि*

### पूर्व मंत्री से मिले सैनी समाज के पदाधिकारी

अंबाला। अंबाला सर्कल सैनी सभा के प्रधान देवेंद्र सैनी के नेतृत्व में वीरवार को सभा के एक प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मंत्री असीम गोयल से मिला। इस मुलाकात के दौरान सैनी समाज ने अहम मुद्दों को लेकर विशेष चर्चा की। बता दें कि वीरवार की सुबह करीब 8 बजे अंबाला सर्कल सैनी सभा में सैनी समाज के सदस्य एकत्रित हुए थे। इसके बाद सभी पूर्व मंत्री के आवास पर पहुंचे। सर्वप्रथम सभा के प्रधान देवेंद्र सैनी, संरक्षक सुरजीत सिंह सोंडा, संरक्षक पूर्ण प्रकाश सैनी, सैनी हाई स्कूल के प्रधान मोहनलाल सैनी सहित अन्य सदस्यों ने पूर्व मंत्री असीम गोयल को बुक्के आदि देकर उनका अभिनंदन किया। तत्पश्चात सभा के प्रधान देवेंद्र सैनी ने सैनी समाज के हितों को लेकर कुछ अहम मुद्दों पर चर्चा की। गोयल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को फोन कर उनके निवास स्थान पर पहुंचे सैनी समाज के प्रतिनिधि मंडल के बारे में जानकारी देते हुए 12 अप्रैल को अंबाला में सैनी समाज निधिमंडल से मुलाकात करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री सैनी ने आश्वासन देते हुए कहा कि वह सैनी समाज प्रतिनिधि मंडल से जरूर मिलेंगे। इस मौके पर पूर्व प्रधान जबर सैनी, चौधरी शमशेर सिंह पूर्व सरपंच, पूर्व सदस्य अश्वनी सैनी, आशु सैनी, बलबीर कैथ माजरी, मनोज सैनी धूलकोट, रामचंद्र सैनी, स्वर्ण सैनी, सरदार चूहड़ सिंह सैनी, बलजीत सैनी, नैब सैनी रूपोमाजरा, रामनाथ सैनी, राजकिशन सैनी, ज्ञानचंद सैनी, राजेश सैनी, विपिन सैनी, दीपक सैनी, विजय, हितेश, विशाल, मंजीत, सुरिंदर सैनी, रमेश चंद, बलविन्द्र, मोंटी, अनिल सैनी, बिट्टू सैनी, बलबीर सिंह, बलविंद्र सैनी बहबलपुर, कृष्ण लाल सैनी भी मौजूद रहे।



- पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार बोले पीएम नरेंद्र मोदी 800 मेगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट की रखेंगे आधारशिला

# पीएम रैली के लिए 300 बसों में जाएंगे भाजपा कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि 14 अप्रैल को भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट की आधारशिला रखेंगे। इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ऐतिहासिक और यादगार बनाया जाएगा।

पंचायत मंत्री वीरवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में कोर कमेटी व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम के आयोजन को लेकर समीक्षा कर रहे थे। यहां पहुंचने पर जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व उपायुक्त अजय सिंह तोमर के साथ-साथ अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने इस मौके पर कहा कि प्रदेशवासियों को भारत रत्न भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर नागरिकों को हजारों करोड़ों रूपए की सौगात मिलेगी। इस सौगात को देने के लिए स्वयं देश के प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को प्रदेश की पावन धरा पर पहुंच रहें हैं। इस मौके पर वह यमुनानगर में 800 मेगावॉट क्षमता की थर्मल यूनिट की आधारशिला रखेंगे। इसे भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) द्वारा बनाया जा रहा है। इसके निर्माण पर 7272 करोड़ रूपए की राशि की लागत आएगी। इस यूनिट का कार्य वर्ष 2028 तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले से 300 बसों के माध्यम से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता यमुनानगर पहुंचेंगे। इन बसों मे सें 50 से अधिक बसों में महिलाएं रहेंगी। उन्होंने बैठक के दौरान बसों के चलने के लिए तैयार किए गए रूट प्लान, रास्ते में लोगों के लिए पेयजल व्यवस्था व जलपान संबंधी विषयों पर भी समीक्षा की। इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, , एसडीएम दर्शन कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, भाजपा पदाधिकारी अशोक गुज्जर, रितेश गोयल, मंडल प्रधान गोल्डी सैनी, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, सीईओ जिला परिषद् गगनदीप सिंह, जीएम रोडवेज अश्विनी डोगरा, आरटीए सुशील कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीएसपी रजत गुलिया व पार्टी नेता मौजूद थे।


**अंबाला।** भाजपा नेताओं के साथ अधिकारियों को निर्देश देते मंत्री कृष्ण लाल पंवार। *फोटो : हरिभूमि*

## बराड़ा में जागरूकता कार्यक्रम


बराड़ा। एमएम नर्सिंग कॉलेज के प्रसूति एवं स्त्री रोग नर्सिंग विभाग के एमएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर मातृ स्वास्थ्य देखभाल में समानता व किसी भी मां को पीछे न छोड़ना विषय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलाना में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. ज्योति सरीन प्रिंसिपल, डॉ. विनय कुमारी वाइस प्रिंसिपल, सिमरजीत कौर एसोसिएट प्रोफेसर और मिस आशा देवी असिस्टेंट प्रोफ़ेसर की सुपरविजन में एमएससी नर्सिंग के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने सुरक्षित मातृत्व पर एक भूमिका निभाई।

# पंजाबी संस्कृति पर आधारित भंगड़ा पर होगा धमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

बरसों पुरानी परंपरा को एक बार फिर संजोने के लिए अंबाला छावनी की सेवा सिमरन सोसायटी ने एक अहम फैसला किया है। इस बार खालसा सृजना दिवस के मौके पर गुरु चरणों में अरदास उपरांत पंजाबी सांस्कृति पर आधारित भांगड़े का कार्यक्रम करवाया जाएगा ताकि अपनी विरासत को भूल चुके नौजवान व बच्चे दोबारा इससे जुड़ सकें। इस कार्यक्रम को लेकर वीरवार को एक अहम बैठक बीसी बाजार स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि अब सृजना दिवस के मौके पर हमेशा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी भारतीय संस्कृति में क्या मान्यता है। गुरुद्वारा साहिब के प्रधान ब्रह्मजीत सिंह खालसा ने बताया कि खालसा पंथ के 327 वें खालसा सृजना दिवस के उपलक्ष्य में पंजाबी लोक-संस्कृति पर आधारित भांगड़े का कार्यक्रम किया जाएगा जोकि ढोल की थाप पर होगा। इसके माध्यम से बैसाखी के महत्व को दर्शाया जाएगा। वहीं इस खुशी के मौके पर संगत व आमजन का मुंह मीठा करवाने के लिए जलेबी और छोले-कुल्चे का लंगर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि साहिब-ए-कमाल दशमेश पिता अमृत के दाते सरबंस दानी साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने सनः 1699 को बैसाखी वाले दिन पांच प्यारों को तख्त श्री केस गढ़ साहिब आनंदपुर साहिब में खंडे-बाटे की पाहुल देकर खालसा पंथ की सिरजना की थी व एक नया इतिहास रचा था। इस मौके पर अमनप्रीत सिंह, केवी सिंह, एवी सिंह,जसमीत सिंह, भूपिंदर सिंह, हरिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, जोगिंदर सिंह भी मौजूद रहे।


- सेवा सिमरन सोसायटी की ओर से लिया गया फैसला

# भारतीय संस्कृति में अटूट विश्वास रखता है भारतीय योग संस्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

भारतीय योग संस्थान ने अपने 59वें स्थापना दिवस को भव्यता के साथ मनाया। इसकी अध्यक्षता केंद्र प्रमुख राजेश शर्मा ने की। इस विशेष अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथि अध्यापिका मीनाक्षी वालिया और रीटा गुप्ता ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में योग साधकों ने भाग लिया। संस्थान के जॉन प्रधान संजय धीमान ने इस अवसर पर संस्थान के उद्देश्यों और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय योग संस्थान भारतीय संस्कृति में अटूट विश्वास रखता है और 'वसुधैव कुटुंबकम' की महान मानवतावादी सोच को अपने आदर्श के रूप में अपनाता है।

### भव्यता के साथ मनाया 59वां स्थापना दिवस

कार्यक्रम के दौरान केंद्र प्रमुख राजेश शर्मा और मनजीत ने संस्थान की गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसकी निशुल्क सेवाओं के बारे में जानकारी दी। समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद सामूहिक योगाभ्यास और प्राणायाम सत्र आयोजित किए गए। इस मौके पर सुदेश, संतोष, मनजीत, कविता, नीलम, कनिका अग्रवाल, मीनाक्षी, रीटा, अमित वालिया, रामनाथ धीमान, पंडित रमाशंकर, रविंद्र गुलाटी, अजीत त्यागी, एडवोकेट लाजपत भारापुर, राजेश वर्मा सहित अनेक योग साधक मौजूद रहे। 68 साल की अंगूरी देवी ने बताया कि उनके घुटनों और कमर में दर्द रहता था, उन्होंने नियमित रूप से योग किया और योग के द्वारा घुटनों के दर्द और कमर के दर्द में अद्भुत आराम मिला है। स्वास्थ के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए। आहलूवालिया धर्मशाला में रोज समय सुबह, शाम 5:00 बजे से 6:00 बजे योग क्रियाएं करवाई जाती हैं।



# क्लासमेट ऑल राउंडर के तीसरे संस्करण का समापन



**चंडीगढ़।** नोटबुक एवं स्टेशनरी ब्रांड आईटीसी क्लासमेट ने भव्य राष्ट्रव्यापी फाइनल के साथ अपने फ्लैगशिप प्रोग्राम क्लासमेट ऑल राउंडर (सीएआर) के तीसरे संस्करण का समापन किया है। फाइनल में देशभर के 60 प्रतिभाशाली छात्रों ने हिस्सा लिया। एसेसमेंट के दो राउंड के बाद फाइनल के लिए इन छात्रों को चुना गया था। फाइनल में पहुंचे इन छात्रों ने प्रतिष्ठित ऑल राउंडर टाइटल के लिए प्रतिस्पर्धा की। फाइनल में चार-चार छात्रों की दो टीमें विजयी रहीं।

एक विजेता टीम जूनियर कैटेगरी (कक्षा 6 से 8) और दूसरी सीनियर कैटेगरी (कक्षा 9 से 12) से थी। प्रत्येक विजेता छात्रों को 1 लाख का नकद पुरस्कार और क्लासमेट ऑल राउंडर 2024 ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

## स्कूल शिक्षा विभाग ने गर्मी से बचाने को विशेष कदम उठाए

# बच्चों के लिए तीन बार बजेगी पानी पीने की विशेष घंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



स्कूल शिक्षा विभाग ने ग्रीष्म ऋतु के दौरान विद्यार्थियों को लू तथा गर्मी की विभिषिका से बचाने हेतु आवश्यक कदम उठाए हैं। इस बारे में सभी जिला स्तर के शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखा गया है जिसमे कहा गया कि स्टूडेंट्स को गर्मी के बढ़ते प्रकोप से बचाव करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाए। किसी भी अवस्था में विद्यार्थियों को खुली धूप में न बिठाया जाए। न ही किसी भी प्रकार का कार्यक्रम/आयोजन खुली धूप में न किया जाए।

### क्लास रूम के बाहर की एक्टिविटी होगी 10 बजे से पहले

पत्र में विद्यार्थियों के लिए साफ पीने के पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, सभी विद्यालयों में दिन में तीन बार पानी पीने के लिए घंटी बजाई जाए ताकि सभी विद्यार्थी समय अनुसार पानी पी सकें और शरीर में पानी की मात्रा को बरकरार रख सकें। विद्यालयों में उपलब्ध रेड कोर्स फंड में से लू से बचाव आदि के लिए ओआरएस के पैकेट्स की व्यवस्था करें। इसके लिए विद्यालय के रेडक्रॉस फंड से आवश्यकतानुसार राशि के उपयोग हेतु विद्यालय की एसएमसी को अधिकृत किया गया है। वही लू लगने से बचने के लिए आवश्यकतानुसार स्थानीय स्तर पर आयुष विभाग से संपर्क करने व किसी भी आपात स्थिति के में स्थानीय अस्पताल में संपर्क की व्यवस्था करने तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए टीचरों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लेने की सलाह दी गयी है। कमरों की खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखने को कहा गया है ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आती हैं, पर्दे लगाने को कहा गया है। कक्षा-कक्ष के बाहर होने वाली बाहरी गतिविधियों को जहां तक संभव हो प्रातः 10:00 बजे तक अथवा इससे पूर्व करवाने की सलाह दी गई है।



### सभी स्कूल मुखियाओं को निर्देश दिए जा चुके



शिक्षा विभाग की ओर से लू के प्रकोप से बचने के बारे में पत्र प्राप्त हो चुका है। इस बारे में सभी स्कूल मुखियाओं को निर्देश दिए जा चुके हैं।

*-सुधीर कालड़ा*
*डीईईओ, अंबाला*

# पार्क अस्पताल पटियाला ने 3000 सफल कार्डियक इंटरवेंशन पूरे किए




**पटियाला।** पार्क अस्पताल पटियाला ने गुरुवार को 3000 सफल कार्डियक इंटरवेंशन पूरे होने की घोषणा की। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, सीनियर कंसल्टेंट कार्डियोलॉजी डॉ. हरसिमरनजीत सिंह ने कहा कि पार्क में कार्डियक साइंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हृदय संबंधी समस्याओं के उपचार से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। पार्क अस्पताल उत्तर भारत का सबसे बड़ा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल नेटवर्क है, जिसमें 19 अस्पताल, 3500 बेड, 800 आईसीयू बेड, 14 कैथ लैब, 45 मॉड्यूलर ओटी और 1000 से अधिक डॉक्टर हैं। डॉ. हरसिमरनजीत सिंह ने बताया कि भारत में लगभग 30 मिलियन लोग कोरोनरी धमनी की बीमारी से पीड़ित हैं। युवा भारतीयों में हृदय रोगों की बढ़ती प्रवृत्ति पर डॉ. हरसिमरनजीत सिंह ने कहाकि हृदय रोगियों की औसत आयु कम हो रही है और इन दिनों हमारे पास 25 साल की उम्र के मरीज आ रहे हैं। कुछ साल पहले बच्चे हृदय संबंधी समस्याओं के लिए अपने माता-पिता को डॉक्टर के पास लाते थे। अब यह देखना असामान्य नहीं है कि माता-पिता अपने बच्चों को 30-40 साल के दशक में हृदय संबंधी समस्याओं के लिए डॉक्टर के पास लाते हैं। वाइस प्रेसिडेंट मेडिकल सर्विस डॉ. ब्रह्मप्रकाश ने कहा कि भारत में संक्रामक रोगों की जगह हृदय रोग सबसे बड़ी जानलेवा बीमारी बन गई है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, शहरी आबादी का लगभग 30 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली 15 प्रतिशत आबादी उच्च रक्तचाप और दिल के दौरे से पीड़ित है।